## खबर संक्षेप

### अधि. अंशुमन मिगलानी होंगे शहर अध्यक्ष

**जुन्नारदेव।** देशभर में अधिवक्ताओं के अधिकार एवं हित के लिए सजग प्रहरी की भूमिका निभा रहा अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के द्वारा जुन्नारदेव शहर में नई नियुक्ति की गई है। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रप्रकाश वलेजा के निर्देशानुसार मंच के राष्ट्रीय महासचिव वेदप्रकाश नेमा के द्वारा नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता अंशुमन मिगलानी को अपनी जुन्नारदेव शाखा का शहर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज सनवाल, राष्ट्रीय सलाहकार (अधिवक्ता कल्याण योजना) दीपक पंजवानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माधव मालवीय एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शैलेंद्र सक्सेना के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

### भाजपा पार्टी नहीं परिवार है, संस्था नहीं संस्कार है

**दमुआ :** हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 18 में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद नंदौरा में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष मोनू साहू द्वारा वार्ड क्रमांक 18 नंदौरा के समस्त मतदाताओं एवं ग्रामवासियों के बीच पहुंचकर सभी का धन्यवाद दिया साथ ही उन्होंने कहा की जैसा की हमने वचन दिया था की हम शीर्ष नेताओं के साथ ग्राम भोज का कार्यक्रम रखेंगे जिसमे ग्राम के कार्यकर्ता और ग्रामवासी के साथ भाजपा का शीर्ष नेतृत्व रहेगा।उन्होंने कहा की वैसे ही हम सब एक परिवार का हिस्सा है उसी के तारतम्य में मंडल अध्यक्ष साहू द्वारा यह ग्रामभोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमे मुख्य रूप से पूर्व विधायक नथनशाह कवरेती,नगर पालिका अध्यक्ष किरण खातरकर, भाजपा जिला मंत्री सपना सोनी,वार्ड पार्षद सभापति फूलवती लोबो,भाजपा नेता,सोनू डेहरिया, दिलीप गोहे, सोनू सोनी,नंदकुमार यदुवंशी , साहबलाल यदुवंशी, दिनेश सूर्यवंशी,, नवल भैया, नारायण नागवंशी, हिटलर लोबो,बुधराम भईया, एवं समस्त ग्रामवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### तामिया तहसील के क्रेशर संचालक रॉयल्टी नहीं देने पर भी कैसे बच रहे हैं

# जबलपुर फ्लाइंग स्क्वाड ने बगैर रॉयल्टी गिट्टी परिवहन करते पकड़े दो ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में गौड़ खनिज राजस्व, खनिज विभाग, पुलिस विभाग, की मिली भगत से रेत की चोरी एवं क्रशर संचालक मापदंड के विपरीत उत्खनन कर गिट्टी तो निकाल रहे हैं। जिसमें प्रतिदिन हर क्रेशर से लगभग 10 से 15 ट्रक गिट्टी बगैर रॉयल्टी के बेचकर क्रशर संचालक राजस्व की हानि शासन को लगातार पहुंचाते चले आ रहे हैं।

ऐसा खनिज विभाग जिसका जिम्मा, क्रशरों को नियमों के साथ संचालन कराकर रॉयल्टी के साथ गिट्टी क्रेशर संचालकों से चद रूपों की मंथली के ऐवज में की गिट्टी बिकवाने में ज्यादा विश्वास रखते




हैं। बजाय उन पर अंकुश लगाने के। दीपावली के पूर्व खनिज विभाग ने बगैर रॉयल्टी गिट्टी परिवहन करते तीन ट्रक पकड़े थे। लेकिन उसके बाद खनिज विभाग की कारवाई ठंडे बस्ती में चली गई क्योंकि इस कार्रवाई से क्रशर संचालक खनिज विभाग से खफा हो गए थे ।

इसलिए उन्होंने अवैध रूप से गिट्टी बेच रहे क्रशर संचालकों पर कार्रवाई करना उचित नहीं समझा। आज इसी तरह जुन्नारदेव मार्ग पर जबलपुर फ्लाइंग स्क्वाड की कार्यवाही में दो ट्रक बगैर रॉयल्टी गिट्टी परिवहन करते पकड़े। जिससे सिद्ध हो गया। क्रेशर संचालक आज भी बगैर रॉयल्टी के गिट्टी बेच रहे हैं।

खनिज विभाग ट्रकों पर कार्रवाई कर वाही वाही लूट रहे है। वही गिट्टी के साथ रॉयल्टी नहीं देने वाले क्रशर संचालक पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। क्योंकि इन्हीं क्रशर संचालकों से अवैध रूप से क्रेशर में गिट्टी निकालने के बदले इन्हें मोटी रकम जो मिलती है । इसी कारण पर कार्रवाई नहीं करना इनकी कार्य प्रणाली पर प्रश्न, चिन्ह तो खड़े करती है कि क्रेशर संचालक जब रॉयल्टी नहीं देगा।

जबकि गिट्टी के साथ ट्रैकों को रॉयल्टी देना उसकी जिम्मेदारी है। उस पर भी कार्रवाई खनिज विभाग को कार्यवाही करनी चाहिए। लेकिन वो हमेशा, क्रेशर संचालकों के पक्ष में खड़े नजर आते हैं क्योंकि इसमें उनके अपने स्वयं की स्वार्थ सिद्धि जो होता है। आज पकड़े गये ट्रैकों से सिद्ध हो गया की तामिया तहसील के क्रेशर संचालक रॉयल्टी चोरी कर गिट्टी बेच रहे हैं।

### विधायक पुत्र गए जेल

# पति की प्रताड़ना से तंग आकर लगाई थी फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासया विधायक सोहन वाल्मीक की पुत्रवधू ने पति की प्रताड़ना से तंग आकर गुरुवार को खुद को फांसी के फंदे पर लटका कर जान दे दी थी । मृतिका के कमरे से मिले सुसाइड नोट में इस बात का जिक्र पाया गया । इस मामले मे पुलिस ने विधायक पुत्र आदित्य वाल्मीकि पर मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



गौरतलब है , कि बीते गुरुवार को परासिया विधायक सोहन वाल्मिकी की पुत्रवधू मोनिका ने खुद को अपने ही कमरे में फांसी के फंदे पर लटका कर जान दे दी थी ।इसके बाद पुलिस ने मामले में बारीकी से जांच की । मृतिका मोनिका के कमरे से एक सुसाइड नोट , एक डायरी बरामद की । सुसाइड नोट में मृतिका ने अपने पति आदित्य वाल्मिक पर मारपीट करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है । वहीं घटना के बाद मृतिका के परिजनों ने भी यही आरोप लगाए थे । परासिया पुलिस ने इस मामले में इटारसी जाकर मृतिका के घर वालों के बयान लिए और वहां से भी हैंडराइटिंग मिलान के लिए मृतिका के हाथ से लिखा हुआ एक रजिस्टर भी अपने साथ लाई । एसडीओ पुलिस जितेन्द्र सिंह जाट ने बताया कि इस मामले में आरोपी आदित्य वाल्मीकि खिलाफ धारा 306 के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया ।जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।



### दैनिक वेतन भोगी से विनिमित हुए कर्मियों को नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने नियुक्ति पत्र

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश दिनांक 07 अक्टूबर 2016 एवं 06/10/2023 के निर्देशानुसार आयुक्त नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा श्री राहुल सिंह द्वारा गठित समिति द्वारा दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत एवं माननीय मेयर इन काउंसिल की अनुशंसा अनुसार निर्धारित पात्रता के अनुरूप निकाय के विनियमितिकरण से वंचित दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अशोक साहू , दीपक सोनी, नीरज गोदरे, जयदेव धुर्वे, जय गौहर, अनीश चांडले, को शासन नियम अनुसार विनियमितिकरण का आदेश माननीय महापौर श्री विक्रम अहके, सभापति श्री नदीम अहमद, कार्यालय अधीक्षक श्री मोहन नागदेव के हस्ते प्रदान कर उक्त विनियमित कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी गई।

# खुले में पशु मांस और मछली विक्रय पर हुई कार्रवाई, हटाई दुकानें, काटे गए चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा कलेक्टर मनोज पुष्प के आदेश पर नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में खुले में पशु मांस एवं मछली के विक्रय करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के दौरान सोमवार को कलेक्टर द्वारा गठित दल द्वारा शहर के मटन मार्केट क्षेत्र में खुले में पशु मांस एवं मछली का विक्रय करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही की गई, दल द्वारा मार्केट क्षेत्र में अवैध रूप से रखे ठेलो एवं गुमठियो को हटाया इसके साथ ही दो दुकनादारो पर 200-200 रुपए कुल 400 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। इस कार्यवाही में नायब तहसीलदार दृष्टि चौबे, कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोलानी, राजस्व अधिकारी साजिद खान, फूड इंस्पेक्टर दिनेश गर्ग सहित स्वच्छता निरीक्षक एवं अतिक्रमण दल के सदस्य उपस्थित रहे।



### निगम ने पानी की टंकी के पास से हटाया अतिक्रमण

**छिंदवाड़ा।** निगमायुक्त राहुल सिंह के निर्देश पर अतिक्रमण दल द्वारा वार्ड क्रं 16 सिवनी प्राण मोती पानी टंकी के पास अवैध टीन शेड को हटवाया गया। इस दौरान निगम कर्मी उपस्थित रहे।

### आयुष्मान योजना में आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ता सहित अन्य को भी मिलेगा लाभ

**छिन्दवाड़ा।** आयुष्मान योजना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा तथा ऊषा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाईजर, कोटवार और संवीदा कर्मियों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ स्वीकृत किया गया है। आयुष्मान भारत निरामयम योजना में पूर्व में स्वीकृत पात्र श्रेणियों में इन नई श्रेणियों को भी शामिल किया गया है। इस आशय का आदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किया गया है। आयुष्मान योजना में कुछ परिवारों को अपात्र भी घोषित किया गया है। जिसमें ऐसे परिवार जिसका कोई भी सदस्य गत तीन वर्षों में से किसी भी वर्ष में आयकर दाता हो,ऐसे परिवार जिसका कोई भी सदस्य किसी अन्य शासकीय योजना से निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकता हो।

### सामूहिक प्रार्थना में शामिल हो रहे हैं ग्रामवासी

**सौसर।** नगर एवं अलग-अलग ग्राम पंचायत में राष्ट्र संत तुकडोजी महाराज की 55 पुण्यतिथि के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों एवं सामुदायिक प्रार्थना महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के दौरान राष्ट्र संघ तुकडोजी महाराज के द्वारा समाज के कल्याण के लिए बताए गए विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम भी समिति से जुड़े पदाधिकारी के द्वारा किया जा।पुण्यतिथि महोत्सव के अंतर्गत सोमवारश्रीगुरुदेव सेवामंडल केंद्रीय समिति सौसर द्वारा ग्राम राजना में हनुमान मंदिर में सामुदायीक प्रार्थना का आयोजन किया गया। सामुदायिक प्रार्थना होने के बादः सुश्री रेखाताई कंट ने प्रार्थना ओर चर्चा बैठक को संबोधित किया ग्राम के वरिष्ठो एवं युवकों द्वारा ग्राम में नियमित सामुदायिक प्रार्थना शुरू करने का संकल्प लिया।प्रार्थना में मुख्य रूप से नत्थूजी डोंगरे, वासुदेव अवजेकर विजय बोबडे,संजय अवजेकर, तुकडया बोबडे विठ्ठल गायकवाड़, श्रीमती ज्योत्स्ना पात्रीकर, दिनेश येलकर,सुधाकर लुडेकर,अरुण खुलेंगे,संदीप घोडसे संजय टेकाडे आदि प्रमुखता से उपस्थित थे। गुरुदेव सेवा आश्रम समिति से जुड़ी श्रीमती जोशना पात्रिकर ने बताया प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पुण्यतिथि महोत्सव पर विभिन्न धार्मिक आयोजन किया जा रहे हैं।उसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर हर ग्राम में सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया जा रहा है।



# आरटीओ ने उमरेठ-मोरडोंगरी मार्ग पर की वाहनों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज कुमार तेहनगुरिया द्वारा अपने जाँच दल के साथ छिंदवाड़ा जिले के विभिन्न मार्गों पर नियमित रूप से जाँच अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में आज परिवहन विभाग के जाँच दल द्वारा जिले के उमरेठ-मोरडोंगरी मार्ग पर पहुंचकर सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गईं जिसमें बस संचालक द्वारा यात्रियों से बलपूर्वक अधिक किराया लेने और क्षमता से अधिक सवारी बसों मे बैठाया जाना, वाहनों में किराया सूची नहीं लगी पाये जाने की मिल रही लिखित शिकायतों व सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को देखते हुए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री तेहनगुरिया के मार्गदर्शन में परिवहन जांच दल द्वारा सवारी बसों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों की फिटनेस संबंधी बारीकी से जाँच की गई जो कि आने वाले समय में निरंतर जारी रहेगी और जिस वाहन में कुछ विशेष खामियां पाई जाती हैं तो उन वाहनों की यथा स्थान सवारी खाली करवाकर उस सवारी वाहन का तत्काल फिटनेस निरस्त किया जायेगा।

# एक मंच पर दिखे मोनिका और उत्तम

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहंची राजोला, जगह जगह किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोडी से लगे ग्राम पंचायत रजोला मे सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची और सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता सहित अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।उत्तम ठाकुर ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार तमाम योजनाएं चलाई जा रही है और लोगों को इसका फायदा भी मिल रहा है लाडली बहन योजना सम्मान निधि लाडली लक्ष्मी योजना सहित प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजना सहित मध्य प्रदेश और राज्य केंद्र सरकार डबल इंजन सरकार की अनेक योजनाओं की जानकारी दी गई।मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार ने उपस्थितों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि कोई गरीब मूलभूत सुविधाओं से वंचित ना रहे हर गरीब के जीवन में भी खुशियां आएं।



दरअसल आपको बता दे की अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता उत्तम ठाकुर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आज ग्राम पंचायत रजोला पहुंचे जहां पर अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा के नेता एक मंच पर दिखे और सभी ने यह कहा कि हम सबको मिलकर काम करना होगा।हालाकि विधानसभा चुनाव के दौरान अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा दो गुटों में बटी हुई थी और विधानसभा में भाजपा को हार मिली जिसके बाद आज दोनो गुटो के नेता और समर्थक एक साथ एक मंच पर कार्यक्रम में दिखे भाजपा नेता उत्तम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के मंच पर जो लोग आज बैठे हैं। हम सब एक होंगे तब कहीं जाकर हम लोकसभा के चुनाव में विजय श्री प्राप्त करेंगे और यदि हम आपस में मनमुटाव रखेंगे तो इससे कोई भला नहीं होगा।इस दौरान भाजपा विधानसभा प्रभारी मोनिक शाह बट्टी वरिष्ठ युवा नेता उत्तम ठाकुर मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार टीकाराम चंद्रवंशी आदि मौजूद रहे।

# रामफल पहलवान ने जीता शेर ए दंगल का खिताब

### घुघरला में दंगल कार्यक्रम में पहुंचे विधायक कमलेश शाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह आदिवासी अंचल के ग्राम घुघरला मैं दंगल कार्यक्रम में पहुंचे जहां ग्रामीणों के द्वारा विधायक कमलेश प्रताप शाह का जोरदार स्वागत किया गया दंगल कार्यक्रम में विधायक कमलेश प्रताप शाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने आदिवासी अंचल में शानदार है दंगल कार्यक्रम आयोजित किया है आप बधाई के पात्र हैं अपने संबोधन में कहा कि आपका सहयोग से ही में तीसरी बार विधायक बना हूं आपके क्षेत्र का निरंतर विकास किया जाएगा आपकी जो भी समस्याएं हैं उन सभी का निराकरण भी होगा दंगल में छिंदवाड़ा सिवनी नरसिंहपुर इंदौर सहित अन्य जिलों से आए पहलवानों ने कुश्ती कला का प्रदर्शन किया शेर ए दंगल कुश्ती रामफल पहलवान सिवनी और सेवा पहलवान छिंदवाड़ा के मध्य हुई जहां रामफल पहलवान मैं कुश्ती जीतकर शेर दंगल का खिताब प्राप्त किया।

### नेशनल एडवेंचर कैंप में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी सरोज कुमरे

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्रा सरोज कुमरे का चयन छिंदवाड़ा जिले से नेशनल एडवेंचरस कैंप हिमाचल प्रदेश के लिए हुआ है जहां पर छात्र मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। महाविद्यालय के लिए यह बड़ी उपलब्धि है कि चयनित छात्रा तीसरी ऐसी स्वयं सेविका है जिसे राष्ट्रीय शिविर में सहभागिता करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। पूर्व में महाविद्यालय की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रश्मि नागवंशी ने दल प्रबंधक के रूप में राष्ट्रीय एकता शिविर में मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व किया था साथ ही एनएसएस की स्वयंसेविका जैनब बी खिलजी और प्रज्ञा चौहान ने भी राष्ट्रीय एकता शिविर में अपना परचम लहराया है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ नागवंशी ने बताया कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ अशोक मराठे के आदेश एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ वाय के शर्मा और जिला संगठक रविंद्र नाफड़े के निर्देशानुसार सरोज कुमारे हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय साहसिक शिविर में सहभागिता सुनिश्चित करेंगी।



### प्रभारी सचिव बिजोरी पंचायत में अधिकारियों की मिली भगत से कर रहे हैं मनमाना भ्रष्टाचार

# पुलिया में गिट्टी के ढेर पर रखा पाइप दे रहा है दुर्घटना को निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बिज़ोरी जो पूर्णकालीक सचिव एवं रोजगार सहायक के बगैर चल रही है। सचिव का प्रभार पांडू पिपरिया ग्राम पंचायत के सचिव पांडू पिपरिया को दिया गया है। ज्ञात हो ये भ्रष्टाचार के फन में माहिर एवं उच्च अधिकारियों में अपनी ऊंची पहुंच के कारण बिजोरी ग्राम पंचायत के पूर्ण कालिक सचिव, सुखपाल को यहां पर तैनात है। इन्होंने जिला पंचायत से भौड़िया पानी ग्राम पंचायत में आगामी आदेश तक पंचायत का प्रभार दिलवा कर अपने रसूख दिखलाते हुए ग्राम पंचायत बिजोरी का प्रभार हथिया बैठे। प्रभार मिलते ही इन्होंने पंचायत में चल रहे मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार का खुला खेल शुरू किया जिसमें सीमेंट रोड, पोखर, मनरेगा, की पुलिया जोबुदला पठार मार्ग पर, छोटी सी नाली पर मनरेगा की बड़ी पुलिया स्वीकृत करवा कर इस पुलिया में अपने भ्रष्टाचार के इरादे जाहिर करते हुए पुलिया खुदवा कर आने जाने वाले ग्रामीणों के लिए आवागमन भी बाधित कर डाला। यहां तक तो ठीक था। इन्होंने छोटी सी पुलिया के लिए एक दर्जन पाइप भी खुदाई पूर्ण होने पूर्व खरीद डालें। ऐसा सिर्फ ईसलिए की भ्रष्टाचार किया जा सके लेकिन उनकी यह भ्रष्ट नीति अब ग्रामीणों के लिए आवागमन के लिए मुसीबत बन गई, वही इन्होंने जो पाइप खरीदे हैं, वह भी दुर्घटना को खुला आमंत्रण देने में पीछे नहीं है।



इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है कि इन्होंने जो पुलिया निर्माण के लिए गिट्टी खरीदी है । उसी ढेर पर एक पाइप रख दिया जो इस पुलिया के आजू-बाजू से आने जाने वाले छात्रों मजदूर किसानों, के साथ यदि किसी दिन दुर्घटना घट जाए तो इनकार नहीं किया जा सकता।

इस तरह बिजोरी ग्राम पंचायत सचिव की भ्रष्ट नियत के साथ-साथ अब लोगों की जान से भी खिलवाड़ करने में भी पीछे नहीं है। गिट्टी के ढेर पर बिना सहारे रखा पाइप दुर्घटना के संकेत खुद दे रहा है। लेकिन नजर नहीं आ रहा है तो मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी। सचिव , उपयंत्री को वर्तमान में विकसित भारत यात्रा भी इसी पंचायत में जाना है। यदि इस ग्राम पंचायत में इस पुलिया को देखेंगे तो सचिव की भ्रष्ट नियत के चलते मोदी के विकसित भारत कैसा हैं। इस पंचायत में ये नजारा देखने मिल सकता है। लेकिन देखना यह है कि यदि विकसित भारत यात्रा लेकिन बुदला पठार गांव तक जा ही नहीं सकती क्योंकि आबा गमन पुलिया के कारण पूर्णतया अवरुद्ध जो है।

### बुद्ध के विचारों से ही होगा मनुष्य का कल्याण, प्रतिमा को माल्यार्पण और सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ में भारत को बुद्ध मय बनाने का लिया संकल्प

# संदेश रैली देश में कर रही है बौद्ध धम्म का प्रचारः सोमकुंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

बुद्ध धम्म प्रचार समिति के द्वारा सौसर के काजलवाली धम्म टेकड़ी से निकलीधम्म संदेश रैली मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश भ्रमण करते हुए सोमवार को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में पहुंच चुकी है। रायगढ़ के गांव महुवापाली में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में पहुंचकर रैली के माध्यम से बुद्ध बाबा साहब एवं बहुजन समाज में जन्मे हुए महापुरुषों की विचारधारा का समिति प्रमुख के सोमकुँवर के द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

इस दौरान बौध्द एवं बहुजन समाज की ओर से रैली का जगह-जगह पर स्वागत सत्कार हो रहा है।बुद्ध धम्म प्रचार समिति काजलवानी के प्रमुख केशवरावजी सोमकुँवर के नेतृत्व में विगत 2004 से बुद्ध धर्म एवं डॉ



बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों का संपूर्ण देश में प्रचार प्रचार इस उद्देश्य को लेकर बुद्ध संदेश रैली का आयोजन किया जाता है। सोमवार को ने रैली ने संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर ओर तथागत बुद्ध के प्रतिमा को माल्यार्पण और सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ में भारत को बुद्ध में बनाने का संकल्प लिया गया। संदेश रैली के संबंध में जानकारी देते हुए बुद्ध धम्म प्रचार समिति अध्यक्ष डॉ वाय एल ठवरे श्रीमती लता नागदवने,मोरेश्वर रंगारे,माया दुफारे,शांतकला उपरे, रेखा शेंडे ने बताया अक्टूबर माह से शुरू हुई यह रैली देश गांव में भ्रमण कर रही है अब यह रैली छत्तीसगढ़ पहुंच चुकी है।रैली का समापन आगामी फरवरी माह में होंगा। बुद्ध धम्म संदेश रैली में बड़ी संख्या में बौद्ध अनुवाई जुड़कर धम्म का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

### सीएमओ पालेवार ने अधिकारी कर्मचारियों की बैठक

**सौंसर।** सोमवार को नगर पालिका सभागृह सौसर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं शासन से मिले हुए आदेशों के अनुरूप कार्य करने के उद्देश्य को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौसर मौसम पालेवाल के द्वारा विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान शासन से मिले हुए आदेश विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार हितग्राहियों को लाभ, संकल्प यात्रा के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार नगर की साफ सफाई, खुले में बिकने वाले अंडा मांस मछली विक्रेताओं को व्यवस्थित करने गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई,समय सीमा के पूर्व हितग्राही मुलक योजनाओं एवं शिकायतों का निराकरण आदि को लेकर निर्देश दिए गए है।



## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता के शिविरों का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

गुरुवार को प्रथम शिविर का आयोजन सी.एम. राईज स्कूल ( शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमुआ) में किया गया शिविर में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथि गणों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया शिविर में मुख्य रूप से जिले से विधिक सहायता अधिकारी श्री विजय खोब्रागड़े जी एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य श्री श्यामल राव जी द्वारा उपस्थित छात्रों को विधिक सहायता संबंधित जानकारी बड़े ही सरल शब्दों में छोटे-छोटे उदाहरणों से समझाया गया तथा जाने अनजाने में छात्रों द्वारा ना समझी के कारण कई ऐसे अपराध हो जाते हैं जिससे भविष्य में उन्हें कितना नुकसान उठाना पड़ता है बताया गया विशेष कर पक्सो एक्ट के बारे में उन्हें विस्तार पूर्वक समझाया गया छात्रों ने सभी अपराधों की जानकारी बड़े ध्यान से प्राप्त की तथा विधिक सहायता कैसे प्राप्त की जा सकती है इस संदर्भ में उपस्थित अधिकारियों से कुछ सवाल भी किया विशेष रूप से एनसीसी एवं स्काउट गाइड के छात्रो के साथ-साथ अन्य छात्र भी उपस्थित रहे उन्हें जानकर अच्छा लगा कि हम ना चाहते हुए भी अपराध कैसे कर बैठते हैं तथा हमारे लिए विधिक द्वारा न्याय पाने के लिए सहायता कैसे ली जा सकती है वही दूसरे शिविर का आयोजन दमुआ थाना प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी की महिलाएं उपस्थिति रही जिसमें जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री खोब्रागड़े जी ने महिलाओं को धारा 498 (ए) 354 व अन्य धाराओं से संबंधित कानून की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की तथा विधिक द्वारा गरीब अभावग्रस्त महिला न्याय पाने के लिए निशुल्क वकील पाने प्रक्रिया व पात्रता बताई।

## कन्या शाला में मानव अधिकार, स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

मानव अधिकार एवं स्वच्छता तथा योगा पी.टी कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। शासकीय कन्या शाला सौसर में भारतीय मानव अधिकार एसोशियन के तत्वाधान में छात्राओं को मानव अधिकार एवं कर्तव्य की जानकारी देते छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को उच्च कोटि की शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ने आदि को लेकर मार्गदर्शन दिया गया।इसके अलावा शिक्षा स्वास्थ्य स्वच्छता के संबंध में भी छात्राओं को जानकारी दी गई। पी० टी० करने का अभ्यास कराया गया। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक सूर्यकृति काले,माधुरी बरमे,प्रमोद नागदवने,बाजीराव धुर्वे,आशीष वैध,रामा धुर्वे,डी.के सारस,आदि थे।



## मां बेटी मेला व बाल उत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला डुंगरिया में मां बेटी मेले का उत्सव आयोजन किया गया। यहा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने क्राफ्ट सामग्री की प्रदर्षनी में (बैड शीट) चादर, साड़ी, टेबल क्लॉथ, सीनरी, पर्दे, डेॅस डिजाईन, उनी कपड़े सहित अनेक कला प्रदर्षनी लगाई गई। मेले में ज्ञान विज्ञान से ओत प्रोत प्रदर्षनी के विभिन्न मॉडल भी प्रस्तुत किये गये। जिसमें श्रेष्ठ विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुस्कृत किया गया। इस दौरान शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं षिक्षको की साहित्यिक रचनाओं में कविताओं, गीत कहानियों से सुषोभित निहारिका, पुस्तक दषमांक 2023-24 का विमोचन किया गया। जिसमें स्कूल स्टॉप सहित मां बेटी मेले का संचालक प्राचार्य श्रीमति युक्ति शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक सहित, जनपद सदस्य कृष्णकांत चैरासे, सरपंच गणेष प्रसाद सरेयाम, एम.आर.सी. कमलसिंग सुजोनिया साथ हीं लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा बुजुर्गो को कम्बल वितरित किया गया। जिसमें समिति अध्यक्ष रविषंकर साहू जी, सहसचिव रतनलाल सूर्या जी, राकेष खातरकर, यादव जी, जैन साहब जुन्नारदेव सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## मदनपुर में शिव महापुराण व शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 से

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनपुर में संगीतमय शिव महापुराण एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 22 दिसम्बर 23 से किया गया हैं। जो 3 जनवरी 24 तक चलेगा। इस दौरान 22 दिसम्बर को शिव प्रतिमा तथा शिव परिवार का ग्राम भ्रमण, शोभा कलश यात्रा, विश्वकर्मा पूजन एवं वास्तु पूजन किया जायेगा। उसके बाद 23 दिसम्बर को पंचवास, अनादिवास, जलादिवास, फलादिवास, पुष्पादिवास, दूधादिवास एवं पूजन तथा 24 दिसम्बर को शिवलिंग अभिषेक पूजन, शिव परिवार पूजन, प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। उसके बाद 28 दिसम्बर से 3 जनवरी 24 तक प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम 5 बजे तक संगीतमय शिव महापुराण का आयोजन होगा। जिसमें 28 दिसम्बर को कलश यात्रा, श्री शिव महापुराण, महात्मय कथा, 29 दिसम्बर को शिव लिंग की उत्पत्ति, महात्मय एवं शिव लिंग पूजन, 30 दिसम्बर को नारद मोह, धनपति कुबेर का पूर्व चरित्र, संध्या देवी की कथा, 31 दिसम्बर को पार्वतीजी का प्रकट्य, तपस्या, शिव पार्वती विवाह महोत्सव, 1 जनवरी 24 को कार्तिकेय जी का प्रकट्य व बाल लीला एवं श्रीगणेश जी का प्रकट्य, 2 जनवरी को भगवान के द्वारा त्रिपुरासुर का वध, जालंधर वध, विष्णु द्वारा तुलसी देवी का शीत भंग, बाणासुर पर कृपा एवं 3 जनवरी को भगवान शिव के अवतारों की कथायें, द्वादश ज्योर्तिलिंग महात्मय, पुर्णाहुति एवं महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक जय अनुष्ठान पूजन, वेदी पूजन, शिवपूजन रुद्राभिषेक, रुद्रपाठ,मूल संस्कृत पाठ किया जायेगा। संपूर्ण कार्यक्रम कथावाचक आचार्य मंजीत कृष्णा शास्त्री श्रीधाम वृंदावन के मुखारबिंदु से होगा।

### जनपद अध्यक्ष ने ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की बुढी व डुंडा सिवनी से हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर सरकार की प्रमुख योजनाओं का ऑन स्पॉट लाभ पहुंचाने की मकसद से विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। सोमवार को जनपद पंचायत किरनापुर की ग्राम पंचायत बुढीऔर डुंडा सिवनी भवन से यात्रा का आगाज किया गया, जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह एवं उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रहांग डालें, जिला पंचायत सदस्य डाली कावरे, जनपद पंचायत सदस्य असीम चौहान, योगराज भास्कर ,मुकेश गौतम एसडीएम सुधाकर राव बघेल सीईओ मनीष शेंडे सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, संकल्प यात्रा के मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए यह यात्रा निकाली गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा नागरिकों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने और उन्हें सशक्त बनाने की एक राष्ट्रव्यापी पहल है। यह देश भर में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संतुष्टि प्राप्त करने के लिए की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयवद्ध तरीके से पहुंचे। ग्राम पंचायत डुंडा सिवनी में यात्रा के दौरान सभी भागों के स्टाल लगाए गए,जिसमें महिला बाल विकास विभाग ,स्वास्थ्य विभाग ,आयुष विभाग ,कृषि विभाग ,शिक्षा विभाग, आजीविका मिशन, राजस्व विभाग ,पशु चिकित्सा ,सेवा सहकारी समिति, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजाति विभाग ।कल्याण सिंह राणा ने केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं का जिक्र किया, और जनता से पूछा कि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं, उन्होंने कहा विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही हैं। आज विकास संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत मडकापार एवं मोहगांव खुर्द में ग्रामीणों को सरकारी योजना का की जानकारी दी जाएगी। ग्राम के सरपंच उमेश मातरे, सचिव फुलचंद रहांगडाले, सहसराम लिल्हारे , बलराम कावरे,श्यामू खरे,रो.सहा. गणेश उइके का सहयोग सराहनीय रहा।




### बहेला थाना के सावरीखुर्द में तीन लोगों पर किया था हमला

## फरार आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज लांजी।

बहेला थाना पुलिस ने फरार चल रहे आरोपित देवीलाल पिता गुनलाल पांचे 36 वर्ष ग्राम बिनोरा किरनापुर को गिरफ्तार कर लिया है और सोमवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सावरीखुर्द में 11 दिसंबर रात्रि साढ़े आठ बजे राजकुमार पांचे के घर में कमला बाई पति जीतलाल पांचे, रिना पिता रवि पांचे व दिव्या पिता राजकुमार पांचे घर में सो रहे थे। इसी दौरान दोनों आरोपितों ने दरवाजा खट खटाया और जैसे ही दरवाजा खुला अचानक हमला कर दिया। जिसमें तीनों को कुल्हाड़ी से सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में वार कर दिया था। इस हमले में कमला बाई पांचे को अत्यधिक चोटें आने पर इलाज के दौरान गोंदिया के अस्पताल में मौत हो गई।जबकि रिना व दिव्या पांचे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका गोंदिया के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में पहले ही आरोपित मुकेश देवाहे को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है।



### इनका कहना हैं

ग्राम सावरीखुर्द में एक ही घर में तीन महिलाओं पर दोनों आरोपितों ने प्राण घातक हमला कर दिया था। जिसमें एक वृद्ध महिला की इलाज के दौरान गोंदिया में मौत हो गई। दो युवतियों का इलाज जारी था। मामले में एक आरोपित को पहले ही हिरासत में लेकर जेल भेज दिए। दूसरा आरोपित फरार था, उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

**सतेंद्र घनघोरिया, एसडीओपी लांजी**

### शिकायतों पर नहीं ध्यान, सालों से स्वीकृत कार्य अब तक नहीं हुए शुरू

# शहर में खुली नालियों से हो रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर के अलग-अलग 15 वार्डों में जगह-जगह खुली और क्षतिग्रस्त नालिया हादसों का कारण बन रही है. सड़क को क्रॉस करती हुई नालियों के ढकान की व्यवस्था फेल होने से सड़क हादसों को बढ़ावा मिल रहा है जबकि क्षतिग्रस्त नालियों के नवनिर्माण कार्य करीब 04 साल पहले ही स्वीकृत हो चुके है परंतु इसके बावजूद आज तक नालियों का निर्माण शुरू नहीं किया गया है. वार्ड में नालियों की हालत और आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए पार्षदों के द्वारा सीएमओ से कई बार पत्राचार कर नालियों का निर्माण करवाने और खुली नालियों को बंद करने के लिए कहा गया है किन्तु पार्षदों के पत्राचार पर भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है. नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर जिस वार्ड में निवास करते है उसी वार्ड में नालियों की हालत बहुत खराब है. जिसकी वजह से खासकर दुपहिया वाहन चालकों की जरा सी चूक होते ही दुर्घटना तय होती है. वार्ड क्रमांक 05 पार्षद अर्पणा राउत ने बताया कि उन्होंने वार्ड की नालियों की समस्या को लेकर सीएमओ को दो बार पत्र लिखा लेकिन आज तक सुधार नहीं हुआ।



नगर की गलियों में पक्की सड़क तो बनी है, लेकिन उसके बीच बनी नालियां और उसके टूटे ढक्कन दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं. दर्जनभर से अधिक गलियों में इस वजह से कई लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके है वहीं खुली नालियों में कचरे का ढेर लगने से पानी जमाव होने लगा है. ऐसे में जाम नालियों से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है. नगर परिषद के अधिकारी आम आदमी की शिकायत तो छोड़िए पार्षदों की शिकायत पर भी ध्यान नहीं दे रहे है. यकीन मानिए नगर परिषद में तैनात शासकीय अमले की घोर लापरवाही से शहर बर्बादी की तरफ जा रहा है. वहीं जिन जनप्रतिनिधियों को शहर के विकास के लिए चुना गया है. वह जनता के हितों और शहर के विकास की दिशा में अब तक तो कोई काम करते हुए नहीं दिखे है केवल ऐसा लग रहा है कि जनप्रतिनिधि अपना व्यक्तिगत हित साधने में लगे हुए है. फिलहाल तो उन नालियों पर ध्यान देने की जरूरत है जिनके कार्य करीब 04 साल पहले स्वीकृत हुए है मगर आज तक निर्माण नहीं हो पाया है. निर्माण ना हो पाने की वजह कोई नहीं बता पा रहा है. सीएमओ और उपयंत्री निर्माण से संबंधी सवालों पर चुप्पी साधे रहते है।

गौर करने वाली बात तो यह है कि नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी शहर की हालत को लेकर केवल जुबानी चिंता करते है. नगर परिषद कटंगी के द्वारा कुछ साल पूर्व करोड़ों रूपए खर्च कर शहर के विभिन्न मोहल्लों में सीसी रोड व नालियों का निर्माण कर खानापूर्ति कर दी गई. वहीं ठेकेदारों द्वारा वार्डो में सड़क व नाली निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत हमेशा बनी रही. जिस पर कभी कोई जांच कार्रवाई नहीं हुई. वहीं जिन वार्डों में नालियां क्षतिग्रस्त है उनकी मरम्मत को लेकर नगर परिषद प्रशासन की उदासीनता आज भी हावी है. मोहल्लेवासी टूटे हिस्से से नाली में कचरा डाल देते है, जिसके कारण वहां बार-बार नाली जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाएं हो रही है।

### समाज को आत्मचिंतन की आवश्यकता-ज्योति जैन

# वैश्य कैलेंडर का विमोचन एवं सदस्यता कार्ड का वितरण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

सर्ववैश्य महासम्मेलन वारासिवनी इकाई द्वारा आयोजित वैश्य कैलेण्डर के विमोचन एवं आजीवन सदस्यता कार्ड वितरण के आयोजन में संगठन की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती ज्योति जैन, प्रदेश मंत्री सत्यनारायण अग्रवाल, जिला महिला प्रभारी श्रीमती जमनाबेन पटेल, जिलाध्यक्षा श्रीमती अर्चना गुप्ता, जिला सचिव श्रीमती प्रीति खटोड़ एवं संगठन की ब्लॉक इकाई के संरक्षक पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल मंचासीन रहे।



**सशक्त समाज के जरिए वैश्य सशक्तिकरण के लिए एकजुटता का आव्हानः** आयोजन का शुभारंभ वारासिवनी नरेश भगवान श्री हनुमान के समक्ष दीप धूप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पश्चात सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत क्रमशः सभी पदाधिकारियों एवं समाजजनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने वैश्य समाज संगठन कैलेंडर विमोचन और समाज के हर क्षेत्र में समाजजनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए उपस्थित जनों को प्रेरित किया और एक सशक्त समाज संगठन के जरिए वैश्य सशक्तिकरण के लिए एकजुटता का आव्हान किया।

**पारिवारिक जिम्मेदारी के साथ सामाजिक कार्य अनुभव भी आवश्यकः** इसी क्रम में मुख्य अतिथि ज्योति जैन ने संगठन में कार्य करते हुए खुद के अनुभवों को साझा करते हुए सभी महिलाओं की भूमिका की महत्ता समझाई साथ ही वारासिवनी समाज को आत्मचिंतन करने के लिए और हर परिस्थिति में वैश्य जनों के साथ चलने की आवश्यकता का महत्व समझाया। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं से आव्हान किया कि पारिवारिक जिम्मेदारी के साथ सामाजिक कार्यानुभव भी परिवार के लिए आवश्यक हैं और इससे हमारे व्यक्तित्व विकास में भी हमें बहुत सहायता मिलती है।

**कैलेंडर का विमोचन व आजीवन सदस्यता कार्ड का हुआ वितरण :** इस आयोजन में जिलाध्यक्षा अर्चना गुप्ता द्वारा आजीवन सदस्यों को सदस्यता कार्ड वितरित किए गए एवं समापन चरण में वैश्य कैलेंडर 2024 का विमोचन किया गया। ज्ञात हो कि पूरे प्रदेश की हर तहसील स्तर पर एक साथ कैलेंडर के विमोचन का कार्य सफलतापूर्वक संगठन द्वारा किया गया। समापन समारोह में संगठन के जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश कुर्वे द्वारा अतिथियों, उपस्थित जनों और हनुमान मंदिर समिति का आभार प्रकट किया गया।

# जिले में कहीं पर भी खाद-बीज को लेकर समस्या न आए-कलेक्टर

**कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 18 दिसम्बर को आयोजित हुई समय सीमा बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल ने समय सीमा में दर्ज प्रकरणों, सीएम हेल्प लाइन सहित विभागवार विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।**



समय सीमा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

उन्होंने विभागवार सीएम हेल्प लाईन में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनावश्यक रूप से कोई भी शिकायत लंबित न रहे। सभी शिकायतों का तत्परता से निराकरण किया जाये। उन्होंने कहा कि मांग एवं नीतिगत रूप से पूर्ण न की जा सकने वाली सभी शिकायतों को उच्च स्तर पर फोर्स क्लोज कराया जाये।

कलेक्टर श्री सिंघल ने अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर निर्देशित किया कि यात्रा अंतर्गत ग्रामवार भ्रमण कर रहे प्रचार रथों के रूट का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि अधिकतम नागरिक कार्यक्रमों में शामिल हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संबंधित विभाग का मैदानी अमला ग्रामवार आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा पात्र हितग्राहियों को योजना की जानकारी देते हुये लाभांवित किया जाये। कलेक्टर श्री सिंघल ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अपने अनुभागों में धर्म गुरूओं एवं धार्मिक संस्था प्रबंधकों की बैठक लेकर शासन के निर्देशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों को लेकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसी तरह उन्होंने खाद्य प्रशासन विभाग एवं नगरपालिका के अधिकारियों को बिना वैध लायसेंस मांस-मछली का विक्रय करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल ने सीखो कमाओं योजना की प्रगति के संबंध में प्रभारी अधिकारी प्राचार्य आईटीआई से जानकारी प्राप्त की, उन्होंने योजना अंतर्गत लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी तथा उनके मानदेय वितरण की स्थिति के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंघल ने फसलों की स्थिति तथा जिले में उर्वरकों के भण्डारण एवं वितरण के बारे में जानकारी लेते हुये सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में कहीं पर भी खाद-बीज को लेकर समस्या न आये। जिले के सभी क्षेत्रों में मांग अनुरूप डीएपी, यूरिया के भण्डारण एवं वितरण सुनिश्चित किये जाये। इसी तरह कलेक्टर श्री सिंघल ने जिले के विभिन्न विकासखण्डों में निर्माणाधीन सीएम राईस स्कूलों की प्रगति, खाद्यान्न वितरण सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## तेज आवाज में डीजे बजाना पड़ा महंगा, पुलिस ने जप्त किया डीजे



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना कोतवाली ने पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पीछे मातृ श्री अपार्टमेंट के पास पिकअप वाहन में अत्यधिक तेज ध्वनी में डी.जे. बजा रहा है की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये एक पिकप वाहन क्र. **MP 22 ZB** 5251 को पकडा गया जिसमें वाहन चालक द्वारा वाहन में डी0जे0 लगाकर अत्यधिक तीव्र ध्वनी से डी.जे. बजाया जा रहा था जिसे पकडकर थाना लाया गया । उक्त डीजे संचालक द्वारा म.प्र. शासन गृह विभाग के आदेश क्र. / एफ 44 - 2/2015 / **overline G** / **overline H** -1 भोपाल दिनांक 13 दिसम्बर 2023 में पारित दिशा निर्देशों का उल्लंघन किया जाने से डी.जे. संचालक आमिर खान पिता अब्दुल खालिक खान उम्र 30 साकिन कबीर वार्ड थान डूंडा सिवनी के धारा 102 द.प्र.सं. के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये डी.जे. एवं बोलेरो पिकअप वाहन को जप्त किया जाकर न्यायालय पेश किया गया।

# अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर सतत जारी है कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर क्षितिज सिंघल के आदेशों के आदेशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सतत कार्यवाही की जा रही हैं।

इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा 11 दिसम्बर से 17 दिसम्बर 2023 तक वृत्त उत्तर में 09 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 36.25 ब.ली.मदिरा अनुमानित मूल्य 9075/-रू. को जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह दक्षिण में 08 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 67.0 ब.ली. मदिरा एवं 3700 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 386080/-रू., वृत्त शहर में 07 प्रकरण 14.95 ब.ली. मदिरा एवं 285 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 32673/-रू., वृत्त लखनादौन में 08 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 31.82 ब.ली. मदिरा एवं 120 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 19975/-रू. तथा वृत्त घंसौर में 07 प्रकरण पंजीबधद करते हुए 24.8 ब.ली. मदिरा एवं अनुमानित मूल्य 6048/-

## भूतपूर्व सैनिकों का सम्मेलन 26 दिसम्बर को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा बताया गया है कि सिवनी जिला के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं एवं उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि, प्रतिमाह की तरह समस्त पूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन 26 दिसम्बर 2023 को प्रातः 11.30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सिवनी भवन परिसर में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मासिक सैनिक सम्मेलन में आप सभी जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सिवनी में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्या को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास के समक्ष हल करवा सकेंगे। त्रैमासिक बैठक का आयोजन भी किया जाना है जिसमें किसी भी भूतपूर्व सैनिक एवं विधवा की कोई समस्या हो तो आवेदन मासिक सैनिक सम्मेलन के समय जमा कर सकते हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत प्रचार रथों के माध्यम से किया जा रहा योजना का प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने, नागरिकों को हितग्राहीमूलक योजनाओं में उपलब्ध कराये गये लाभ और विभिन्न सुविधाओं को लोगों के साथ साझा करते हुये उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से 16 दिसम्बर से 26 जनवरी 2024 तक चलने वाली "विकसित भारत संकल्प यात्रा" सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी ग्रामवार-वार्डवार संचालित की जा रही हैं।

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" अंतर्गत प्रचार रथ 18 दिसम्बर को बरघाट विकासखण्ड के ग्रामपंचायत विजयपानीकला एवं पखारा, छपारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुडरई, धनौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत धनौरा एवं





घुघरीमाल, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत केदारपुर एवं पाटन, केवलारी की ग्राम पंचायत पांडियाछपारा, लखनादौन की ग्राम पंचायत जोबा,पतलोन एवं खूबी तथा सिवनी विकासखण्ड की बंडोल, अलोनिया, बम्हनी तथा सुकवाहा पहुंचे। ग्रामवार कार्यक्रम आयोजित कर प्रचार रथों में उपलब्ध एलईडी वॉल के माध्यम से ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।इसके साथ ही साथ मौके में उपस्थित विभिन्न विभागों के मैदानी अमलें द्वारा पत्र हितग्राहियों को लाभांवित किए जाने की कार्यवाही भी की गई।

### आज यहां पहुंचेंगे प्रचार रथ

रूटचार्ट अनुसार 19 दिसम्बर को बरघाट विकासखण्ड के ग्रामपंचायत चिमनाखारी एवं मलारा, छपारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत केकडा, धनौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लावेसर्रा एवं गनेरी, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पद्दीकोना एवं फुलेहरा, केवलारी की ग्राम पंचायत नसीपुर, लखनादौन की ग्राम पंचायत आदेगांव एवं करछुआई तथा सिवनी विकासखण्ड की माहुलझिर, नंदौरा, समनापुर तथा सीलादेही पहुचेगी।

**यात्रा के दौरान इन योजनाओं का मिलेगा लाभ-**

विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएसः उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना को सम्मिलित किया गया है।

# शैक्षणिक गुणवत्ता के उन्नयन को लेकर शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित





हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए हायर सेकेण्डरी स्कूलों के शिक्षकों को '' रसायन विज्ञान ' विषय पर जिला स्तरीय 05 दिवसीय प्रशिक्षण 18 दिसम्बर 2023 से 22 दिसम्बर 2023 तक महात्मा गांधी शासकीय हाइस्कूल सिवनी आयोजित किया जा रहा है।

उक्त प्रशिक्षण में सिवनी जिले के समस्त शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में पदस्थ रसायन विषय पढ़ाने वाले शिक्षको ने भाग लिया। उक्त प्रशिक्षण का प्रारंभ एस.एस.कुमरे जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी आर.आर. मेहता सहायक संचालक ने सभी शिक्षकों से नियत समय पर उपस्थित रहकर पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कही।

प्रशिक्षण राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर श्रीमति राखी बरमैया एवं श्रीमति कल्पना भार्गव द्वारा दिया जा रहा है। विपनेष कुमार जैन एपीसी आरएमएस कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, के द्वारा भी प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया ।

## आत्मनिर्भर बनाने के लिये किया गया प्रोत्साहित

# पुलिस अधीक्षक ने रखा कार्यक्रम, कई तरह की दी जानकारियां

पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह जिला सिवनी के निर्देशन में पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा प्रारंभ की गई योजना धृति के संबंध में पुलिस लाइन सिवनी कंट्रोलरूम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस परिवार की महिलाऐं एवं बच्चियॉ को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, हैण्डक्राफ्ट, हैण्डप्रिंट कपड़े , कुकिंग इत्यादि कलाओं के माध्यम से आय के साधन के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाने के लिये प्रोत्साहित किया गया।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस परिवार की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये उनके द्वारा बनाये गये, हैण्डक्राफ्ट एवं अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर बाजार में विक्रय किया जावेंगा ,एवं प्राप्त राशि महिलाओं को प्रदान की जावेंगी। इसी के साथ꞉दिशा लर्निंग सेंटर में कैरियर काउसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया । जिसमे पुलिस परिवार के बच्चों से करियर संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कि। शप्रतियोगी परीक्षाओं जैसे MPPSC ,SSC, Banking NEET JEE इत्यादि की तैयारी हेतु बच्चों को परीक्षा की तैयारी कैसे करे,उसका सिलेबस,ऑप्शन एलेमिनेशन



method पर विस्तृत चर्चा कर बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया तथा बच्चों द्वारा पूछे गये सवालों को जवाब एवं उनकी समस्याओ का निराकरण भी किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी डी शर्मा, रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू, सूबेदार शशिकला बहेतवार उपस्थित रहे।

# मांस-मछली दुकानों सहित खाद्य प्रतिष्ठानों के लिए खाद्य लायसेंस लेना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिवनी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम अंतर्गत समस्त खाद्य करोबार करने वाले जिनमें मांस-मछली, चिकन, अण्डा विक्रेता, किराना दुकान, रेस्टोरेंट, हाट-बाजार, फल-सब्जी, मिठाई दुकान, मेडिकल स्टोर सहित अन्य कारोबारियों को अधिनियम अंतर्गत खाद्य लायसेंस लेना अनिवार्य है। 12 लाख से अधिक टर्नओवर वाले खाद्य कारोबारियों को 2000 रूपये प्रतिवर्ष का लायसेंस शुल्क एवं 12 लाख से वार्षिक टर्नओवर वाले खाद्य कारोबारियों को 100 प्रतिवर्ष पंजीयन शुल्क आवेदन के साथ देय होगा। आवेदन के लिए एफएसएसएआई के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करना होगा। आवेदक स्वयं या कियोस्क के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। मांस-मछली, चिकिन के कारोबार हेतु आवेदन करते समय स्थानीय निकाय से एनओसी प्राप्त कर आवेदन जमा किये जायेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एनओसी ग्राम पंचायत से एवं शहरी क्षेत्रों के लिए नगरपालिका से एनओसी प्राप्त करेंगे।

# निष्कासन की कार्यवाही दुर्भाग्यपूर्ण - मोहन चंदेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पूर्व विधायक एवं जिला अध्यक्ष को आड़े हाथों लिया सिवनी -निष्कासन की कार्यवाही दुर्भाग्यपूर्ण की गई है। लगे आप के बाद संगठन ने भी मेरा पक्ष नहीं जाना। यह बात आज पूर्व विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन चंदेल ने पत्रकार वार्ता में कहीं। श्री चंदेल ने कहा कि विधानसभा चुनाव मतदान की बाद और मतगणना के मध्य मेरे ऊपर आरोप लगाकर पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोड़िया एवं कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी द्वारा शिकायत की गई। संगठन ने ने मेरा पक्ष जाने वगैर निष्कासन कर दिया । मेरा आशय यह है कि मुझे कांग्रेस ने 20 बूथ की जिम्मेदारी दी थी, यहां पर मेरी चुनावी गतिविधियों की जांच करना था। जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने भी ध्यान नहीं दिया। वे पूरे समय कांग्रेस कार्यालय में बैठकर सिर्फ सिवनी विधानसभा चुनाव का संचालन करते रहे। परिणाम सामने है, जनता जनार्दन ने आशीर्वाद नहीं दिया। इन्हें भी हार की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। श्री चंदेल ने कहा कि लगातार 40 वर्ष से में कांग्रेस का कार्यकर्ता हूं, संगठन के दिशा निर्देश पर हमेशा तत्पर रहता हूं। अब रही बात निष्कासन की तो मैं प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर संगठन के सामने अपना पक्ष मजबूती से रखूंगा। निष्कासन तो पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकुड़िया का होना चाहिए जिन्होंने भाजपा से हाथ मिलाकर बरघाट नगर परिषद में भाजपा को कमांन सोप दी। 2018 विधानसभा चुनाव के दौरान मेरे साथ भी भीतर घात किया गया पर मैंने किसी की शिकायत नहीं की।

## निशुल्क नेत्र शिविर संपन्न

# 1500 मरीज ने नेत्र परीक्षण कराया एवं 106 मरीज का आंखों के ऑपरेशन के लिए हुआ चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कहानी विकासखंड घंसौर के नगर कहानी खास में देवरस सेवा संस्थान के आयोजन से निशुल्क नेत्र शिवीर संपन्न हुआ जिसमें स्वर्गीय श्रीमती कौशल्या बाई सेन की पुण्य स्मृति में यह शिविर संपन्न हुआ जिसमें लगभग 1500 मरीज ने नेत्र परीक्षण कराया एवं 106 मरीज ने नेत्र उपचार के पश्चात आंखों के ऑपरेशन के लिए झोतेश्वर में जगतगुरु शंकराचार्य नेत्रालय अस्पताल में ले जाया गया जिसमें विद्यालय के बच्चे ने भी नेत्र परीक्षण कराया जिसमें देवसिह सेन राघवेन्द्र सिह गुमासता गिरधारी शाहु



समाज सेवी मनोज सेन संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सेन ईशवर शिवहरे सतोश राय राजकुमार ठाकुर बलवतसिह पटेल का सराहनीय योगदान था जिसमें लोगों को यह नेत्र उपचार में निशुल्क सुविधा प्रदान की गई जिसमें संस्थान के यह आयोजन से शिविर संपन्न हुआ जिसमें दीपक सराठे वृंदावन सेन का सराहनीय योगदान था।

## डी पी सी स्कूल के अथर्व चतुर्वेदी ने विज्ञान मंथन परीक्षा प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डी पी सी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल, ड्रीमलेण्ड सिटी सिवनी के कक्षा 11वी के छात्र अथर्व चतुर्वेदी ने ''विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा 2023'' मे प्रदेश के कक्षा 11 वीं के सभी छात्रों में विज्ञान, तकनीकि, सामान्यज्ञान, प्रसेन्टेशन, वकतृता, पर्सनाल्टी, सूक्ष्मतर जैविक अध्ययन, पुरात्तव, प्राचीन विज्ञान, सहित विभिन्न विषयों पर आयोजित व्दितीय चरण मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके तहत उन्हे प्रमाण पत्र, मोमेन्टम एवं 5000/- रूपये की नगद राशि प्रदान की गई। ज्ञातव्य हो कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन (एन.सी.एस.एम.) नेशनल कांउसलिंग ऑफ सांईस म्युजियम, सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार, नेशनल काउंसलिंग ऑफ एजूकेशन रिसर्च एवं एन.सी.ई.आर.टी. के संयुक्त तत्वाधान मे प्रत्येक वर्ष कक्षा 6वी से 11वी तक के छात्रों के लिए आयोजित किया जाता है। जो छात्रों को विज्ञान अनुसंधान, स्पेश, न्यूक्लियर साइंस जैसे विषयों मे आयोजित की जानेवाली प्रतिष्ठित परीक्षा है जिसमे छात्रों के लिये स्कालरशिप व्यवस्था भी है।

# लेदर बाल वेटरन टूर्नामेंटः एडवोकेट जूनियर और सायनिग स्टार ने जीते अपने अपने मैच

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जैस परिवार के तत्वथान में आयोजित लेदर बाल प्रतियोगिता के तीसरे दिन दो मैच खेले गए।पहला मैच एडवोकेट जूनियर और एमसीजी गोपालगंज के मध्य हुआ एडवोकेट के कप्तान फिरोज कुरैसी ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया एमसीजी ने निर्धारित 15 ओवर मैं 8 विकेट के नुकसान मैं मात्र 83 रन ही बना पाई एमसीजी की और से सर्वाधिक रन नाजिर अली ने 25 रन बनाए एडवोकेट की और से गुलाब और मतीन ने 2-2 विकेट लिए लक्षय का पीछा करने उतरी एडवोकेट एलेवन ने 13.3 गेंद मैं प्राप्त किया।एडवोकेट की और से सफी खान ने सर्वाधिक 8 गेंद पर 21 रनों की पारी खेली एमसीजी की और से इंद्रेश ने 2 विकेट लिए *इस मैच के मैन ऑफ द मैच सुबेर सिंह रहे हुए प्रतियोगिता का दूसरा मैच जैस ब्लू और सायनिग के बीच खेला गया जिसमें जैस ब्लू के कप्तान अरुण यादव ने टॉस जीतकर पहले





बल्लेबाजी करने का फैसला लिया निर्धारित 15 ओवर में जैस ब्लू ने 6 विकेट नुकसान मैं 120 रन बनाए जिसमे सर्वाधिक स्कोर बलधर यादव योगेश गढ़पाले ने 43 गेंद पर 63 बलधर यादव ने 31 रनों की पारी खेली।सायनिग की और से भूपेंद्र ठाकुर ने 2 विकेट लिए।जवाबी पारी खेलने उतरी सायनिग ने 13.1 पर 4 विकेट खो कर 123 रन बना कर 6 विकेट से यह मैच जीत लिया सायनिग की और से बंटी सराठे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंद पर 41 रन भूपेंद्र ठाकुर ने 30 गेंद पर 39 रनों की पारी खेली जेस ब्लू की और से अरुण यादव ने 2 मनीष चौरसिया ने 1 विकेट लिए। मैच में मैन ऑफ द मैच भूपेंद्र ठाकुर रहे* । मैच में निर्णायक की भूमिका सुनील सिंग और नीरू निर्मलकर ने निभाई । वही ऑनलाइन स्कोरिंग में आदि सरनागत कमेंट्री की भूमिका गन्नू माना ठाकुर और नफीस खान ने निभाई। टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण गौतम डिजिटल के माध्यम से यूट्यूब लाइव किया जा रहा है ।

प्रतियोगिता के आयोजक अरुण यादव जी ने बताया कि कल मंगलवार को पहला मैच सुबह 9 बजे एडवोकेट सीनियर और सायनिग दूसरा मैच रवि चाचू और सिवनी बॉयस सिवनी के बीच दोपहर 1 बजे से मैच खेला जाएगा । सभी खेल प्रेमियों से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर प्रतियोगिता को सफल बनाएं ।

## खबर संक्षेप

### एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव, जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित



**कटंगी।** कटंगी क्षेत्र के ग्राम नंदलेसरा में एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ से संजीवनी 108 वाहन में सुरक्षित प्रसव करवाया गया. इसके बाद महिला और नवजात को कटंगी अस्पताल में भर्ती करवाया गया. फिलहाल जच्चा और बच्चा का स्वास्थ्य सामान्य है. जानकारी अनुसार नंदलेसरा निवासी सविता का एंबुलेंस वाहन में सुरक्षित प्रसव हुआ है. पीड़ा होने पर 108 एंबुलेंस से जा रही गर्भवती का इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) ने आशा की मदद से रास्ते में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया. प्रसूति महिला को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी लाया जा रहा था. रास्ते में अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई. ईएमटी ने चालक से एंबुलेंस को सुरक्षित स्थान पर खड़ा कराया और आशा के सहयोग से एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया।

### आज होगी जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक

**बालाघाट।** कलेक्टर सभाकक्ष में आज शाम 4 बजे जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित है। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

### दिशा की बैठक 23 दिसम्बर को

**बालाघाट।** जिला विकास समन्वय एवं मुल्यांकन समिति की बैठक सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के अध्यक्षता में 23 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित होगी। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, वन विभाग, सांसद आदर्श ग्राम, जल संसाधन, जल जीवन मिशन, आदिम जाति कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, खनिज कलयाण, सांसद विधायक के पत्रों तथा ग्राम सुदुर सड़को की समीक्षा की जाना प्रस्तावित है।

उपार्जन समिति की बैठक में लापरवाही पर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

# लालबर्रा मंडी सचिव को वाहनों की इंट्री नही करना पड़ा भारी, निलंबन का नोटिस होगा जारी

### उपार्जन कार्य में लापरवाही पर डीएमओ और मार्केटिंग परसवाड़ा पर भी होगी कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने टीएल बैठक से पूर्व उपार्जन समिति की बैठक में उपार्जन संबंधी कार्यो की सुक्ष्मता से समीक्षा करते हुये इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कई जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने मंडी सचिव लालबर्रा से वाहनों की इंट्री आदि के मामले में पुछताछ करते हुये कहा कि हर गाड़ी की इंट्री मिलनी चाहिये साथ ही पोर्टल पर भी इसकी विधिवत इंट्री हो। मंडी सचिव द्वारा वाहनों की प्रॉपर इंट्री नही करने पर निलंबन का नोटिस जारी करने का निर्देश दिये है। इसके अलावा परसवाड़ा मार्केटिंग को भी नोटिस जारी करने को कहा है। वहीं 100 प्रतिशत मीलर्स से अनुबंध नही हो पाने के कारण डीएमओ हिरेंद्र रघुवंशी को भी नोटिस जारी किया है। डीएमओ श्री रघुवंशी ने जानकारी देते हुये बताया कि 107 में से सिर्फ 61 मीलर्स से अनुबंध हुआ है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उपार्जन कार्यो से जुडे सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने दायित्वों को बखुबी समझें। वर्तमान में उपार्जन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकताओं वाला कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बरदास्त नही होगी। बैठक में खाद्य आपुर्ति अधिकारी ज्योति बघेल आर्य, सहकारिता सीईओ आरसी पटले, सभा कक्ष में तथा अनुभागों के अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

### किसानों के भूगतान में देरी न हो

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने डीएमओ से कहा कि किसानों के भूगतान के लिये एक्सेपटेंस लेटर आवश्यक है। इस कार्य में देरी नही की जाये। किसानों को भूगतान समय पर कराना हमारी जिम्मेदारी है। उपार्जन केंद्रो पर तौलकाटों के प्रमाणीकरण के संबंध में नापतौल अधिकारी आरके कछवाह को निर्देश दिये कि 02 दिनों के भीतर सभी को प्रमाणपत्र प्रदान किये जाये। इसमें देरी बरदास्त नही की जायेगी। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने चेकपोस्ट पर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में कहा कि व्यवस्थाएं सुनिश्चित नही होने पर अगली बार एसडीएम को नोटिस जारी किये जायेंगे। उन्होंने उपार्जन कार्य से जुडे सभी अधिकारियों सहित चेकपोस्ट पर लगाये गए अधिकारियों से कहा कि जिले की चेकपोस्ट से गुजरने वाले हर एक धान के वाहन की इंट्री रजिस्टर में होना आवश्यक है। सभी वाहनों का हिसाब किताब एसडीएम को भी रखना चाहिये। चेकपोस्ट से इंट्री और एक्जिट का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण होना आवश्यक है।

# 513417 क्विंटल धान की हुई खरीदी, बैंक सीईओ पटले ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट जिला अंतर्गत 185 खरीदी केंद्र बनाए गए है । जिसमे किसान अपनी उपज लेकर आ रहे है। इसी तारतम्य में जिला कलेक्टर डा.गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ आर.सी.पटले द्वारा 18 दिसंबर को मुख्य शाखा बालाघाट अंतर्गत आने वाले उपार्जन खरीदी केंद्र भरवेली और अमेड़ा का निरीक्षण शाखा प्रबंधक आशीष मिश्रा के साथ किया गया।

इस दौरान श्री पटले ने बारदानो के वितरण की पंजी का संधारण का निरीक्षण किया। जिसके बाद उन्होंने ने निर्देशित किया कि पंजी में पात्रता का भी उल्लेख करे। इन्होने किसानों की कुल पंजीयन की तुलना गत वर्ष से किया और ऋण प्रविष्टि, वसूली की स्थिति को लेकर जानकारी संबंधित संस्था प्रबंधक, डाटा ऑपरेटर से ली गई। इसके अलावा क्षेत्र के बड़े किसानों की सूची अनुसार मौके में जाकर निरीक्षण के निर्देश दिए।

**धान परिवहन को लेकर डीएमओ से की चर्चा**

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि धान खरीदी केंद्र अमेडा में धान का उठाव नही होने की जानकारी के बाद तत्काल मौके से डी ए म ओ बालाघाट से दूरभाष पर चर्चा कर उठाव हेतु कहा गया।

श्री पटले ने बताया कि अमेडा धान खरीदी केंद्र में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। धान खरीदी की निगरानी के चलते यह लगाया गया है। श्री पटले ने बताया कि 18 दिसंबर तक 40238 किसानों ने अपनी स्लॉट बुक कराया है जिसमे से 11323 किसानों ने अपनी उपज की धान केंद्रों में दी है। जिनसे 513417 क्विंटल धान की खरीदी गई है।

# सीट बेल्ट नही लगाने पर 500 और बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर 300 रुपये का होगा जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जनहित याचिका पर यातायात नियमों के पालन के सम्बंध में पिछले दिनों आदेश किये गए है। यातायात नियमों के पालन के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बंधित विभागों और अन्य कार्यालयों को भी सम्बंध में निर्देशित किया गया है। न्यायालय ने वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चार पहियॉ वाहनों का उपयोग करते हुये सीटबेल्ट और दो पहियॉ वाहनों के लिये हेलमेट के उपयोग के संबंध मे निर्देशित किया है। सीटबेल्ट और हेलमेट के उपयोग के लिये आम नागरिकों को जागरूक करने के लिये भी मोटरयान अधिनियम में उल्लेख किया गया है। वहीं मोटरयान अधिनियम 1988 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत जुर्माना के प्रावधान किये गए है। जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाले ने इस मामले में बताया कि अधिनियम में 30 से अधिक प्रकार की चालानी कार्यवाही का उल्लेख किया गया है। मुल रूप से सीटबेल्ट का उपयोग नहीं करने पर 500 रुपये व वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग नही करने पर 300 रुपये तक का जुर्माना किया जा सकता है। जबकि पात्रता से अधिक यात्रियों को वहन करने पर 200 रुपये प्रति व्यक्ति चालानी कार्यवाही की जा सकती है। इसके अलावा बीमा रहित वाहन के मामले में मोपेट व अन्य मोटरसाईकिल पर 1000 रुपये] हल्के वाहनों पर 3000 रुपये और भारी व मध्यम वाहनों पर 5000 रुपये तक का जुर्माना लगाये जाने के प्रावधान है।

# चांगोटोला सटोरियों पर पुलिश की कार्यवाही, 5000 नगदे जप्त

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



चांगोटोला निवासी कमलेश पारधी, बब्लू राय तथा लामता निवासी विपिन निसाद मऊ बाजार में सट्टा-पट्टी काटते उस समय भारी पड़ गया, जब पुलिस ने रंगो हाथों दबोच लिया। एसडीओपी परसवाड़ा सतीश साहू ने हरिभूमि को जानकारी देतु हुए बताया कि तीनों आरोपियों के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई तथा 5000 नगदी तथा सट्टा-पट्टी जब्त कर कार्यवाही की गई हैं। चांगोटोला थाना प्रभारी एसआई कपूरचंद बिसेन से हरिभूमि ने सट्टा कारोबारियों के संबंध में जानकारी चाही गई तो उन्होंने अन्नभिन्गता जताते हुए कहा कि हमारे थाना क्षेत्र में सट्टे का कारोबार नहीं चल रहा हैं। फिर अचानक से कार्यवाहीं कैसे हो गई।

सूत्र बताते हैं कि चांगोटोला क्षेत्र में गांजा तथा अवैध शराब का कारोबार बहुत फल-फूल रहा हैं। चांगोटोला में सट्टे का काम लामता निवासी विपिन निसाद के द्वारा किया जा रहा था। उपरोक्त दो आरोपी वेतन पे काम कर रहें थे, पूर्व में भी थानेदार रघुवंशी जी के द्वारा सटोरियों पर कार्यवाही की गई थी, यही कारण हैं कि अब चांगोटोला निवासी सट्टे का काम करने में डरते हैं। इसलिए लामता के निवासी उपरोक्त कार्य को अंजाम दे रहे हैं।

### सड़क हादसों को रोकने लगाए संकेतक

# तिरोड़ी से खवासा सड़क मार्ग पर लगातार हो रहे सड़क हादसे




**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** जोड़ सड़क से तिरोड़ी खवासा को जोड़ने वाले सड़क मार्ग पर जगह-जगह सड़क हादसों का ब्लैक स्पॉट बन चुके चुनिंदा स्थानों पर जागरूकजनों ने स्वयं के व्यय पर संकेतक (साइन बोर्ड) लगाए है. जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा लगातार अनसुनी किए जाने पर कटंगी विकास मंच के सदस्य सुरजीत सिंह ठाकुर अभय पालीवाल, भीमप्रकाश मेश्राम, रूपेन्द्र गिरी गोस्वामी, महेन्द्र ठाकुर ने तिरोड़ी खवासा सड़क मार्ग पर सर्वाधिक सड़क दुर्घटना के लिए पहचाने जाने वाले खरपड़िया नाले के पास और इसी सड़क मार्ग पर गोलाई में संकेतक लगाए है. ताकि सड़क हादसे रोके जा सकें. करीब 50 किलोमीटर लंबी रोड पर करीब किलोमीटर के रास्ते में दो से तीन जगह खतरनाक मोड़ है. जहां पर आए दिन हादसे होते रहते हैं. हादसों का ब्लैक स्पॉट बन चुके इन स्थानों पर कई सड़क दुर्घटनाएं हुई है जिसके चलते राहगीरों को अकाल मौत के मुंह में समाना पड़ा है जबकि कई चालक आजीवन के लिए अपाहिज हो चुके है।

### ग्राम दीनाटोला पहुंची प्रबुद्ध तथागत फाउंडेशन की टीम

# ग्राव के गरीब परिवारो को किया गया गर्म कंबल का वितरण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

प्रबुद्ध तथागत फांउन्डेशन बोरी लालबर्रा की टीम द्वारा जिले के दुरस्थ वनांचल क्षेत्रो में बसने वाले गरीब परिवारो तक पहुंचकर सेवार्थ भाव से गर्म कंबल, बर्तन सेट, स्कूली बैग समेत अन्य दैनिक उपयोगी वस्तुओं के वितरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसी कडी में सोमवार को प्रबुद्ध तथागत फांउन्डेशन की टीम जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी दूर परसवाडा विकासखंड के उमरिया ग्राम पंचायत के दीनाटोला गांव पहुची। जहां शिविर के माध्यम से ग्राम पंचायत सरपंच रमेंश्वर हरिशचंद्र पंद्रे की उपस्थिति में फाउंडेशन के सचिव महेंद्र मेश्राम, सहयोगी पत्रकार रफी अंसारी, योगेश गौतम, यमलेश बंजारी, राहुल टेंभरे के द्वारा गांव के लगभग 60 गरीब परिवारो को गर्म कंबल का वितरण किया गया। जहां उक्त इस शिविर को सफल करने में, सचिव रवि मरकाम, रोजगार सहायक टेकराम भोयर, आंगनवाडी कार्यकर्ता समेत ग्रामीणो का भरपूर सहयोग मिला।

# हमाल मजदूरों ने सौंपा ज्ञापन, गर्रा ओपन कैंप में धान भंडारण को फिर से शुरू करने की रखी मांग



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला हमाल मजदूर महासंघ के बैनर तले हमाल मजदूरों ने जिला प्रशासन को कांग्रेस कमेटी कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजा सोनी के नेतृत्व में कलेक्टर डॉ. मिश्रा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मजदूरो के जीविकोपार्जन को लेकर गर्रा ओपन कैंप में धान भंडारण को पुनः प्रारंभ किए जाने की मांग की।

कांग्रेस कमेटी कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजा सोनी ने बताया कि विगत 15 वर्षों से गर्रा ओपन कैप में धान भंडारण नहीं होने से यहां, जीविकोपार्जन को लेकर काम करने वाले 150 से 200 मजदूर बेगार हो गए है। जिसके कारण उन्हें बेरोजगारी और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जिसे देखते हुए गर्रा ओपन कैप में धान भंडारण की व्यवस्था को बनाए जाए, ताकि इन्हें काम मिल सके और यह अपना जीवन चला सके। हमाल उमाशंकर लिल्हारे ने बताया कि विगत तीन सालों से गर्रा ओपन कैंप में धान भंडारण नहीं किया जा रहा है। जिससे यहां काम करने वाले हमाल मजदूरों के परिवारो का पालन पोषण संकट में आ गए है।

हमाल उमाशंकर लिल्हारे की मानें तो यहां 05 लाख क्विंटल धान भंडारित होता था। जिससे यहां काम करने वाले मजदूरों का पालन पोषण अच्छा से हो पाता था, लेकिन विगत तीन सालों से वह नहीं हो रहा है। हालांकि कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इस मामले में विपणन डीएमओ को ज्ञापन मार्क कर समस्या के निराकरण का भरोसा दिलाया है।

# काशी-तमिल समागम एक्सप्रेस, कन्याकुमारी से चलकर पहली बार पहुंचेगी बालाघाट




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में ब्राडगेज शुरू होने के बाद गोंदिया-गढ़ा, रीवा-ईतवारी और ईतवारी-बालाघाट के बाद एक और ट्रेन की सौगात जिलेवासियों को सांसद की पहल पर मिलने जा रही है। कन्याकुमारी-बनारस-कन्याकुमारी काशी तमिल एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 16367/16368 का 17 दिसंबर को प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। ट्रेन मंगलवार 19 दिसंबर को प्रातः 8.35 बजे बालाघाट पहुंचेगी। 05 मिनट के स्टॉपेज के बाद 8.40 पर बनारस के लिए रवाना हो जाएगी।

19 दिसंबर को पहली बार बालाघाट आ रही कन्याकुमारी-बनारस-कन्याकुमारी काशी तमिल समागम विकली एक्सप्रेस के प्रातः 8.35 बजे पहुंचने पर रेलवे सलाहकार समिति सदस्य जेडआरयुसी सदस्य मोनिल जैन के नेतृत्व में चालक और परिचालक का पुष्पहार पहनाकर स्वागत करेंगे।

जेडआरयुसी सदस्य मोनिल जैन ने बताया कि 17 दिसंबर को प्रारंभ हुई। लंबी दूरी की इस ट्रेन के बालाघाट स्टौपेज मिलने से निश्चित ही बालाघाट की रेलसुविधाओ में विस्तार हुआ है। जिसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और बालाघाट-सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन का हम आभार व्यक्त करते है। जिन्होंने हमें यह सौगात दी है। इसके बाद भी जिले को और नई ट्रेनों को दिलवाने के लिए सांसद प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 24 दिसंबर से यह विकली ट्रेन का फायदा, प्रति सप्ताह दो बार जिले के रेलयात्रियों को मिलेगा। जिसमें 24 दिसंबर से बनारस से कन्याकुमारी की ओर जाते समय आगामी सोमवार को बालाघाट प्रातः 7.07 बजे कन्याकुमारी से बनारस की ओर जाते समय और कन्याकुमारी से बनारस की ओर आते समय शनिवार को प्रातः 8.43 बजे यह ट्रेन बालाघाट पहुंचेगी और इस समय के 5 मिनट के स्टौपेज के बाद आगे की ओर रवाना हो जाएगी।

# विकसित भारत दिखाने पंचायतों की जेबें हो रही ढीली



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी. जिसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताना और उसका लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रेरित करना है इसके साथ ही छूटे हुए हितग्राहियों को लाभ पहुंचाना है. जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत जराहमोहगांव और आगरी से रविवार को भव्य समारोह का आयोजन कर इस यात्रा की शुरूआत की गई. पहले दिन की यात्रा में सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन और कटंगी-खैरलांजी विधायक गौरव पारधी ने शिरकत की. इनके अलावा एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ, थाना प्रभारी सहित लगभग सभी विभागों के अधिकारी भी यात्रा में शामिल हुए. वहीं सोमवार को यात्रा ग्राम पंचायत वरूड और सिरपुर पहुंची. जहां पर समारोह का आयोजन हुआ. इस समारोह के जरिए भाजपा नेताओं ने मंच से ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा सरकार का जमकर गुणगान किया और हितग्राहियों से करवाया. इस बीच पंचायतों के भीतर से एक परेशानी निकलकर सामने आई. दरअसल, ग्राम पंचायतों के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए समारोह का आयोजन तो करवा दिया गया लेकिन आयोजन में लगने वाला खर्च कहां से वहन करना है इसकी जानकारी पंचायतों को नहीं है. खैर, सिरपुर में भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों और अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलवाई. इसके पहले हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी सुनाई।

**करीब 50 हजार रुपए का खर्चः** एक अनुमान के मुताबिक विकसित भारत संकल्प यात्रा के समारोह के आयोजन के लिए पंचायत को करीब 50 हजार रुपए तक का खर्च आ रहा है. सोमवार को जब यह यात्रा सिरपुर पहुंची तो यहां भी भव्य आयोजन हुआ. जिसमें टेंट, ग्रामीणों के लिए नाश्ता, अधिकारियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी. आयोजन में लगने वाले खर्च के संबंध में जब पंचायत सचिव से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि बालाघाट कलेक्टर के निर्देश और जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेश पर आयोजन करवाया गया है. पंचायत के मद से आयोजन में लगने वाली राशि वहन करेंगे लेकिन किस मद से करेंगे अभी तय नहीं है. वहीं व्यय के संबंध में सीईओ पर चर्चा की गई तो उन्होंने भी बताया कि इस आयोजन के लिए अभी कोई आवंटन नहीं आया है अभी पंचायतों को ही व्यवस्था करनी है जैसे ही शासन फंडिंग की व्यवस्था करेगी वैसे पंचायतों को प्रदान की जाएगी. इससे एक बात तो साबित होती है कि विकसित भारत को दिखाने के लिए पंचायतों की जेबें ढीली की जा रही है. बता दें कि यह यात्रा जनपद पंचायत कटंगी की सभी 81 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगी।

### इनका कहना है

अभी पंचायत के किसी भी मद से आयोजन के व्यय की राशि खर्च की जाएगी. कलेक्टर के निर्देश और सीईओ के आदेश पर आयोजन किया गया है।

**नूतन गौतम, सचिव, सिरपुर**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के समारोह के आयोजन के लिए अभी शासन से कोई फंडिग नहीं आई है पंचायतों को अभी व्यय करना है।

**दीपक कर्पे, सीईओ**

### मांस मछली की दुकानों से नगर परिषद के कर्मचारियों ने काटा 50, 50 रुपए का चालान

# सीएम के आदेश पर मांस-मछली की दुकानें हटाने के लिए प्रशासन हुआ सख्त



**हरिभूमि न्यूज लांजी।**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बनते ही डॉ. मोहन यादव ने सड़क किनारे लगने वाली मांस-मछली की दुकानों को हटाने के आदेश जारी कर दिए हैं, जिसका असर आज लांजी के सब्जी मंडी में देखने मिला। जहां नगरपरिषद के कर्मचारी पहुंचे और सभी मांस-मछली कारोबारियों को समझाया गया कि मांस मछलियों की दुकान खुले में ना रखें शासन प्रशासन की निर्देशों का पालन करें। हालांकि इसके लिए कोई भी दुकानदार राजी नहीं दिखा। और नगर परिषद के कर्मचारियों के द्वारा प्रत्येक दुकान से रू50 का चालान काटा गया नगर परिषद ने सब्जी मंडी में लगी लगभग 10 मछलियों की दुकान से 50-50 रुपए की वसूली कर उन्हें समझे देगी गई की खुले में मांस मछलियां ना बेचे। वही मच्छी की दुकान लगाने वाले दिनेश ने बताया कि हम वर्षों से यहां मछली की दुकान लगाते आ रहे हैं अचानक लांजी नगर परिषद के कर्मचारी आए और दुकान हटाने की बात कहकर हमसे 50-50 रुपए का चलन भी काटे हैं जबकि हमारे द्वारा शासन के नियमों का पालन किया गया है दुकान के चारों ओर हमारे द्वारा पर्दे पर लगाए गए हैं उसके बाद भी नगर परिषद के कर्मचारियों के द्वारा हमसे चालानी कार्यवाही की गई जबकि हमें मंडी ठेकेदार को भी दुकान का किराया देना होता है और हमने मछली बची ही नहीं थी और नगर परिषद के कर्मचारी हमसे चालान वसूल कर ले गए।

**अधिकारियों के बीच धर्मगुरुओं तथा व्यापारियों की हुई थी बैठकः** बता दें मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मांस-मछली की दुकान हटाने के साथ ही यूपी की तर्ज में धार्मिक स्थलों में लगे लाउड स्पीकर का वॉल्यूम निर्धारित डेसीमीटर के अनुरूप रखने के निर्देश भी दिए हैं, जिसको लेकर लांजी थाने में एसडीएम प्रदीप कौरव तथा अधिकारियों और धर्मगुरुओं तथा मांस, मछली व्यापारियों की बैठक बुलाई बुलाई गई थी, जिसमें सभी प्रकार के निर्णय लेने की बात की जा चुकी है।

### इनका कहना है

शासन के निर्देशानुसार तथा सीएमओ के आदेशों पर आज हमारे द्वारा लांजी सब्जी मंडी में संचालित हो रही मछलियों के दुकान से 50-50 रुपए का चालान काटा गया है और चालान इसलिए काटा गया है क्योंकि मछली व्यापारी मछली को खुले जैसा में रखकर विक्रय कर रहे हैं जबकि शासन करने निर्देश है कि मांस मछली को खुले में ना रखें फिर भी इनके द्वारा मांस मछली को खुले में रखकर बेचा जा रहा है उसी के चलते हमारे द्वारा आज चालान काटा गया अगर ऐसा ही रहा तो हमारे द्वारा प्रतिदिन इन दुकानों से चालान काटा जाएगा।

**संजय भंडारकर, राजस्व वार्ड प्रभारी**